SSP/05/01/20

बोचासणवासी श्री अक्षरपुरुषोत्तम स्वामिनारायण संस्था
सत्संग शिक्षण परीक्षा
सत्संग परिचय
प्रश्नपत्र – १

सुबह ९:०० से ११:१५] (रविवार, १९ जुलाई, १९९८) **कुल अंक : ७५**

सूचना : दायीं ओर प्रश्न के अंक लिखे हैं ।

(विभाग - १ सहजानंद चरित्र)

प्र. १. निम्नलिखित में से कोई भी दो विधान कौन, किस से और कब कहता है, यह लीखिए । ६

१. *''कुछ प्राप्ति हुई है क्या ? इतने प्रफुल्लित क्यों दिख रहे हो ?''*
२. *''यह कोई कीचड नहीं, यह तो चंदन है। ''*
३. *''भगवान ऐसा अन्याय नहीं सहेँगे।''*
४. *''मुझे लगता है जैसे मैंने पहेले कहीं आप के दर्शन किये है।''*

प्र. २. निम्नलिखित में से किन्ही दो के कारण दीजिए । (लगभग १२ पंक्तियों में) ८

१. *श्रीजी महाराजने चार संतो को सद्गुरु पद पर नियुक्त किये।*
२. *श्रीजी महाराजने संतो को जूतें पहेनने के लिये कहा।*
३. *बिना कुछ कहे-समझाये ही मूलू खाचर निर्व्यसनी बने।*
४. *शोभाराम शास्त्री अंध हुआ।*

प्र. ३. किन्हीं दो पर लगभग १२ पंक्तियों में विवरण लीखिए । ८

१. *श्रीजी महाराज के प्रगट होने के छ हेतु।*
२. *अठारह को दीक्षा।*
३. *स्त्री की गंध।*
४. *गवर्नर जोन माल्कम के साथ श्रीजी महाराज की मुलाकात।*

प्र. ४. निम्नांकित प्रश्नों के एक वाक्य में उत्तर दीजिए । ५

१. *श्रीजी महाराजने कब और कहां पर १२ स्वरुप में दर्शन दिये ?*
२. *श्रीजी महाराजने दृष्टि का दान किसे दिया ?*

३. *बिशप हेबर के साथ श्रीजी महाराज की मुलाकात कहाँ हुई ?*
४. *श्रीजी महाराजने कौन से वर्ष और तिथि के दिन स्वामिनारायण का भजन करवाया ?*
५. *विधवा स्त्रियों को श्रीजी महाराजने कौन सी आदरपूर्ण उपाधि(पदवी) प्रदान की ?*

प्र. ५. निम्नलिखित में से किसी एक का निरुपण कर संक्षिप्त में भावार्थ लीखिए । ५

१. *हमें कैसा कहेँगे ?*
२. *सभी का कल्याण करना है।*
३. *जालिया में बीमारी।*

(विभाग २ सत्संग वाचनमाला भाग - २)

प्र. ६. निम्नांकित में से कोई भी दो विधान कौन, किस से और कब कहता है, यह लीखिए । ६

१ *''आप की सेवा वह महाराज की ही सेवा है - एसा मैं जानता हुँ।''*
२. *''यह कहाँ सालेमाल है, यह तो अक्षर ओरडी है।''*
३. *''ब्रह्मचारी अधिक पढे लिखे नहीं हैं, किन्तु मुद्दे की बात समझतें हैं।''*
४. *''आप राजकोट जाईये, महाराज आप का व्यवहार चलायेंगे।''*

प्र. ७. निम्नांकित में से किन्हीं दो के लगभग १२ पंक्तियों में कारण लिखिए । ८

१. *दादा खाचर और दोनों बहनें श्रीजी महाराज को लेने सारंगपुर गए।*
२. *गुणातीतानंद स्वामीने कहा, 'यह जागा भक्त तो हमारे सच्चे सेवक है।'*
३. *लाडुबाने भैंसे की सेवा घर पर आरंभ की।*
४. *श्रीजी महाराजने नित्यानंद स्वामी को विमुख कर दिया।*

प्र. ८. निम्नलिखित में से किन्हीं दो पर लगभग १२ पंक्तियों में विवरण लीखिए । ८

१. *प्रेमानंद स्वामी की गान कला।*
२. *शास्त्रीजी महाराज को जागा भक्त का महिमा।*
३. *श्रीजी महाराज के प्रति मूलजी ब्रह्मचारी की भक्ति।*
४. *श्रीजी महाराजने की हुई दादा खाचर की कसौटी।*

प्र. ९. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में लीखिए । **६**

१. *मूलजी ब्रह्मचारी की मूर्ति का प्रतिष्ठापन किसने और कहाँ किया ?*

२. *दीक्षा देने के पश्चात श्रीजी महाराजने प्रेमानन्द स्वामी को कौन सा नाम दिया ?*

३. *अयोध्याप्रसादजी महाराज के उत्तराधिकारी कौन बने ?*

४. *गुणातीतानंद स्वामी तथा निष्कुलानंद स्वामी के लिये नित्यानंद स्वामी क्या कहते ?*

५. *बोचासण की प्रतिष्ठा के बाद कृष्णजी अदा क्या कहा करते थे ?*

६. *जागा भक्त की लिखी 'स्वामीकी बातें' कौन से प्रकरण में आती है ?*

(विभाग - 3 निबंध)

प्र. १०. निम्नलिखित में से किसीभी <u>एक</u> विषय पर लगभग ४५ पंक्तियों में निबंध लीखिए । **१५**

१. *आदर्श सत्संगी ।*

२. *उत्सव - समाज जीवन का अनिवार्य अंग ।*

३. *युवा पेढी के तारणहार - प्रमुखस्वामी महाराज ।*